तापमान

अधिकतम 42.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 03 मई 2026



12 भाजपा सरकार में सुशासन की व्यवस्था हुई मजबूत ...





12 बोर्ड परीक्षाओं में शिशु मंदिर तेंदूकोना का उत्कृष्ट...






## खबर संक्षेप

### मां-बाप के साथ मारपीट

**महासमुंद।** नशे की हालत में अपने मां-बाप के साथ मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। रामपुर के उद्धव कोसरिया ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई डिग्रीलाल कोसरिया कोई काम नहीं करता है और घर में झगड़ा-विवाद कर मारपीट करता रहता है। एक मई की रात करीब 8 बजे डिग्रीलाल कोसरिया शराब के नशे घर आया और पैसा मांगने लगा। पैसा नहीं देने पर उसने पिता जगदीश कोसरिया एवं माता गणेशी बाई के साथ विवाद कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और डंडा व पाटा से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### शराब का अवैध परिवहन कर रहे दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** शराब का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों को पिथौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक लाल रंग की स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एचआर 4946 में दो व्यक्ति बया रोड की ओर से पिथौरा की ओर शराब परिवहन करते आ रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त लोगों को रोका और पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपने नाम तारनीश शुक्ला पिता नारायण प्रसाद शुक्ला (27 साल) निवासी कर्मचारी कालोनी वार्ड नंबर 08 लहरौद व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम जगमोहन ठाकुर पिता घनश्याम ठाकुर (28 साल) वार्ड नंबर 02 रावणभाठा पिथौरा होना बताया। आरोपियों के कब्जे 80 नग पौवा शोले देशी प्लेन शराब और 20 नग पौवा गोवा अंग्रेजी शराब कुल कीमत 8800 रुपए और स्कूटी को बरामद किया। मामले में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# धान खरीदी के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के कोमाखान क्षेत्र में किसानों के साथ धान खरीदी के नाम पर हुई करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस को पहली बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपी गिरीश कुमार पाड़े को गिरफ्तार कर लिया है। वर्तमान में आरोपी से कोमाखान थाने में सघन पूछताछ की जा रही है।

पूरा मामला मई 2025 में शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने किसानों को उनकी उपज का बाजार भाव से अधिक दाम देने का प्रलोभन दिया। उस समय जहां बाजार में धान की कीमत 1500 से 1550 रुपए प्रति क्विंटल थी, वहीं आरोपियों ने किसानों को 1800 से 2100 रुपए प्रति क्विंटल देने का वादा किया। इस लालच में आकर क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसानों ने अपनी मेहनत की फसल इन व्यापारियों को सौंप दी। ठगी का शिकार होने वाले किसान बोईरगांव, लोंदामुड़ा, नर्रा, कसेकेरा, देवरी, खट्टी, पटपरपाली और चंदरपुर जैसे गांवों के हैं।

अनुमान लगाया जा रहा है कि लगभग 2 करोड़ रुपए का भुगतान बकाया है। किसानों का कहना है कि धान ले जाने के बाद आरोपी उन्हें महीनों तक आज-कल कहकर टालते रहे। जब भुगतान नहीं मिला और आरोपी गायब होने लगे, तब किसानों को ठगी का अहसास हुआ।

## फर्जीवाड़े में शामिल दो अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का इंतजार

### कलेक्टर को दिए आवेदन के बाद हुई कार्रवाई

पीड़ित किसान महीनों तक न्याय के लिए भटकते रहे। स्थानीय स्तर पर समाधान न होने पर किसानों ने 12 अगस्त 2025 को जिला कलेक्टर के जनदर्शन कार्यक्रम में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। कलेक्टर के हस्तक्षेप और प्रशासनिक जांच के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी और गबन का मामला दर्ज किया। इस मामले में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह सामने आया है कि किसानों द्वारा कलेक्टर को दिए गए आवेदन में तीन लोगों के नाम शामिल थे जिसमें गिरीश कुमार पाड़े (मुख्य आरोपी), योगेश कुमार पाड़े, रूपेश कुमार पाड़े। ये तीनों ग्राम बिंद्रावन के निवासी बताए गए हैं। हालांकि, पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की है, उसमें अभी केवल गिरीश कुमार पाड़े का नाम ही शामिल है। पुलिस का कहना है कि जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, अन्य आरोपियों के नाम भी जोड़े जाएंगे।



### किसानों में आक्रोश

मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही सैकड़ों किसान कोमाखान थाने पहुंच गए। किसानों ने मांग की है कि आवेदन में उल्लेखित अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनकी बकाया राशि वापस दिलाई जाए। पुलिस प्रशासन ने किसानों को आश्वासन दिया है कि मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।


## मनमानी : वीडियो वायरल होने के बाद एक्शन में आया रेलवे

# टिकट काउंटर से कर्मचारी गायब डीआरएम ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रेलवे स्टेशन महासमुंद के टिकट काउंटर पर तैनात कर्मचारी की कार्यप्रणाली को लेकर उठा विवाद अब गहराता जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद यात्रियों ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया है। यात्रियों का आरोप है कि स्टेशन पर तैनात कर्मचारी राहुल शर्मा अक्सर अपनी ड्यूटी के दौरान काउंटर पर उपस्थित नहीं रहते, जिसकी वजह से लोगों को टिकट लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो और पोस्ट में स्पष्ट रूप है कि टिकट काउंटर खाली है, जबकि वहां यात्रियों की लंबी कतार लगी हुई है। स्थानीय लोगों और



यात्रियों का दावा है कि यह किसी एक दिन की बात नहीं है, बल्कि यह समस्या काफी लंबे समय से बनी हुई है। कर्मचारी की अनुपस्थिति के कारण यात्रियों की ट्रेनें छूटने का डर बना रहता है और स्टेशन परिसर में अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो जाती है। स्थानीय नागरिकों और नियमित यात्रियों ने मांग की है कि केवल जांच के आदेश देना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से आग्रह किया है कि काउंटर पर कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में यात्रियों को ऐसी मानसिक और शारीरिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

### ठेका कर्मचारियों के भरोसे काउंटर

इस मामले में एक गंभीर आरोप यह भी सामने आया कि मुख्य कर्मचारी की अनुपस्थिति में टिकट काउंटर को ठेका पद्धति (कॉन्ट्रैक्ट) पर काम करने वाले कर्मचारियों के भरोसे छोड़ दिया जाता है। यात्रियों का कहना है कि जिम्मेदार रेल कर्मचारी का इस तरह अपनी सीट से नदारद रहना रेलवे के नियमों का सीधा उल्लंघन है।

### रेलवे प्रशासन की कार्रवाई

सोशल मीडिया पर शिकायतों की बाढ़ आने के बाद रेलवे के आधिकारिक हैंडल्स ने इस पर संज्ञान लिया है। रेलवे सेवा ने इस असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है और यात्रियों को अपनी आधिकारिक शिकायत रेल मदद पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 139 पर दर्ज कराने का सुझाव दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआरएम संबलपुर ने संबंधित विभाग को इस प्रकरण की विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए हैं। डीआरएम कार्यालय की ओर से कहा गया है कि मामले को गंभीरता से देखा जा रहा है और जांच के बाद दोषी कर्मचारी के विरुद्ध आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की स्ट्राइक

# आठ आरोपी गिरफ्तार, कार समेत लाखों का माल जब्त

**महासमुंद।** जिले में अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने एक विशेष अभियान चला रखा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर थाना बसना, पटेवा और पिथौरा की टीम ने 6 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। इस बड़ी कार्यवाही में पुलिस ने कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनसे भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की है।




थाना बसना पुलिस ने सबसे अधिक चार अलग-अलग मामलों में सफलता हासिल की है। ग्राम गढ़फुलझर और बसना नगर के वार्ड नंबर 01 से पुलिस ने तीन आरोपियों रामबाई महिलांगे, रज्जु गेंड्रे और कृष्ण महिलाने को रंगे हाथों पकड़ा। इनके पास से कुल 45 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। एक अन्य महत्वपूर्ण कार्रवाई में बसना पुलिस ने एक सफेद रंग की कार सीजी 06 जीजेड 2093 को घेराबंदी कर रोका। कार की तलाशी लेने पर उसमें 27 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब मिली। इस मामले में सरायपाली और ओडिशा के रहने वाले तीन आरोपी हरदीप सिंह, गोविंद मिश्रा और मकरध्वज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शराब के साथ परिवहन में इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त कर लिया है।

**पटेवा और पिथौरा में भी रेड**

थाना पटेवा पुलिस ने ग्राम पचरी में मुखबिर की सूचना पर एक घर की बाड़ी में दबिश दी। वहां से आरोपी महिला रूखमणी लहरे को 20 लीटर महुआ शराब और शराब बनाने के बर्तनों के साथ पकड़ा गया। वहीं, पिथौरा पुलिस ने खेल मैदान के पास से लोकनाथ जलक्षत्री नामक व्यक्ति को अंग्रेजी और देशी शराब के पौवा के साथ गिरफ्तार किया।

## क्षतिग्रस्त विद्युत पोल से हादसे की आशंका



**महासमुंद।** बीटीआई रोड स्थित विधायक कार्यालय के ठीक सामने लगा एक विद्युत पोल पिछले तीन वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में है। पोल के निचले हिस्सा एक ट्रैक्टर की ठोकर से क्षतिग्रस्त हो चुका है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हवा चलने पर यह पोल हिलने लगता है, चूंकि यह मुख्य मार्ग है और यहां विधायक कार्यालय होने के कारण लोगों का काफी आना-जाना लगा रहता है, ऐसे में पोल के गिरने से कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है। तीन साल से समस्या बने रहने के बावजूद विभाग द्वारा इसे अब तक नहीं बदला गया है।

# भीषण गर्मी में शो-पीस बने वॉटर एटीएम, प्यास बुझाने के लिए पानी खरीदने मजबूर हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मई महीने की शुरुआत के साथ ही भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। तापमान में बढ़ोतरी के कारण सड़कों पर आवाजाही करने वाले लोगों को ठंडे पानी की सख्त जरूरत महसूस हो रही है। लेकिन विडंबना यह है कि शहर में लोगों की प्यास बुझाने के लिए लगाए गए दोनों वॉटर एटीएम वर्तमान में बंद पड़े हैं। इस वजह से राहगीरों और आम जनता को मजबूरन दुकानों से पैसे खर्च कर पानी की बोतलें खरीदनी पड़ रही हैं। शहर में दो प्रमुख स्थानों पर वॉटर एटीएम लगाए गए थे ताकि लोगों को कम कीमत पर शुद्ध और ठंडा पेयजल मिल सके। लेकिन वर्तमान स्थिति काफी खराब है। शनि मंदिर कचहरी चौक के पास यहां स्थित वॉटर एटीएम काफी लंबे समय से खराब पड़ा है। रखरखाव के अभाव में यह अब केवल एक ढांचा बनकर रह



गया है। बस स्टैंड परिसर, यहां के वॉटर एटीएम को पहले भी कई बार मरम्मत कर चालू किया गया था, गर्मी शुरू होने के बावजूद इसे शुरू नहीं किया जा सका है। विभागीय जानकारी के अनुसार, तकनीकी खराबी की वजह से यह फिलहाल बंद है।

### गलत लोकेशन से भी बढ़ी परेशानी

इन वॉटर एटीएम के साथ एक बड़ी समस्या इनके स्थान (लोकेशन) को लेकर भी है। इन्हें ऐसी जगहों पर लगाया गया है जहाँ से ये मुख्य मार्ग पर चलने वाले लोगों को आसानी से दिखाई नहीं देते। कचहरी चौक का वॉटर एटीएम हनुमान मंदिर के पीछे स्थित है। मुख्य सड़क से गुजरने वाले किसी भी अनजान व्यक्ति को पता ही नहीं चलता कि यहां पानी की सुविधा उपलब्ध है। बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों को भी वॉटर एटीएम ढूंढने में परेशानी होती है क्योंकि इसे सामने की जगह ऐसी जगह लगाया गया है जो नजरों से ओझल रहता है।

### बढ़ी बोतलबंद पानी की बिक्री

भीषण गर्मी और वॉटर एटीएम के बंद होने का सीधा असर लोगों की जेब पर पड़ रहा है। जो पानी वॉटर एटीएम के माध्यम से बहुत ही कम दाम में मिल सकता था, उसके लिए अब लोगों को बाजार में 10 से 20 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। बस स्टैंड और कचहरी चौक जैसे व्यस्त इलाकों में लोग प्यास से बेहाल होकर पानी की बोतलें खरीदने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों और राहगीरों का कहना है कि प्रशासन को गर्मी शुरू होने से पहले ही इन मशीनों की मरम्मत करानी चाहिए थी। अब जब पारा तेजी से बढ़ रहा है। शहरवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द तकनीकी खराबी दूरकर वॉटर एटीएम चालू किए जाएं ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## गाय-बछिया लेनदेन को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** गाय-बछिया लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को कविराज साहू पिता कीर्तन साहू निवासी ग्राम कसलबा ने बताया कि वर्ष 2024 में ग्राम अर्जुंडा डीपापारा के राधे प्रधान को उसने एक गाय बेचा था, उसकी एक बछिया, जो उस समय छोटी थी, को बड़ी होने पर वापस करने देने की बात हुई थी। एक साल बाद वर्ष 2025 में उक्त बछिया को राधे प्रधान ने उसे दे दिया था, जिसे वह अपने घर ले आया था। एक मई को लगभग 10:30 बजे गांव के राजकुमार कठार ने उसे बताया कि बछिया को एक व्यक्ति अर्जुंडा की ओर लेकर जा रहा है, तब उसने देखा कि खैरमाल पुलिया के पास राधे प्रधान उसकी बछिया को लेकर जा रहा था, जिसे उसने रोका और कहा कि मेरे बछिया को क्यों ले जा रहे हो, इस बात को लेकर हुए विवाद में राधे प्रधान ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।






# खरीफ फसल ऋण की वसूली तेज

**महासमुंद।** जिले में कृषि ऋण वितरण और उसकी वसूली की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। जिले के सहकारी बैंकों और समितियों के माध्यम से किसानों को खरीफ फसल के लिए दिए गए ऋण की वसूली का कार्य तेजी से किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अनुसार, किसानों के पास अपना कर्ज चुकाने के लिए 30 जून तक का समय शेष है। जिले में खेती-किसानी को बढ़ावा देने के लिए बड़ी संख्या में किसानों को ऋण उपलब्ध कराया गया था। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कुल 82,278 किसान को 414.51 करोड़ रुपए को ऋण दिया गया था। यह राशि किसानों को बीज, खाद और अन्य कृषि उपकरणों की व्यवस्था करने के लिए दी गई थी, ताकि वे खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई बेहतर ढंग से कर सकें। ऋण की वसूली के मामले में जिले का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। अधिकांश किसानों ने ईमानदारी के साथ अपना कर्ज वापस जमा कर दिया है। अब तक 407 करोड़ रुपए की वसूली हुई हैं एवं 4 हजार से अधिक किसान बचे हुए हैं। वर्तमान में लगभग 407 करोड़ रुपए बैंक के पास वापस आ चुके हैं। अब केवल कुछ करोड़ रुपए की वसूली शेष है, जो उन 4,000 से अधिक किसानों से ली जानी है जिन्होंने अभी तक भुगतान नहीं किया है।

### 30 जून की समय सीमा महत्वपूर्ण

नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि किसानों के लिए 30 जून की तारीख बहुत महत्वपूर्ण है। यदि किसान इस तारीख तक अपना बकाया ऋण जमा कर देते हैं, तो उन्हें शासन की योजना के अनुसार शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ मिलता रहेगा। यदि किसान इस समय सीमा के भीतर पैसा जमा नहीं करते हैं, तो उन्हें नियमानुसार ब्याज देना पड़ सकता है और आगामी सीजन के लिए नया ऋण प्राप्त करने में भी कठिनाई हो सकती है।

### किसानों से अपील

बैंक प्रबंधन और जिला प्रशासन लगातार उन किसानों से संपर्क कर रहा है जिनका भुगतान अभी बाकी है। समितियों के माध्यम से गांवों में सूचना दी जा रही है ताकि बचे हुए किसान अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना अपना ऋण जमा कर सकें। 30 जून के बाद बकायादारों की सूची तैयार की जाएगी और डिफाल्टर होने की स्थिति में उन पर बैंक के नियमों के अनुसार कार्रवाई हो सकती है। इसलिए, प्रशासन का जोर इस बात पर है कि शत-प्रतिशत वसूली समय पर पूरी कर ली जाए।




# महिलाओं का हक अब दलगत राजनीति से ऊपर, विशेष सत्र के बाद मुख्यमंत्री साय का बड़ा बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिला आरक्षण के संकल्प पर हुए विशेष सत्र की समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे राज्य के इतिहास का 'ऐतिहासिक मोड़' बताया है। उन्होंने साफ किया कि मातृशक्ति को उनका हक देना अब किसी राजनीतिक नफे-नुकसान का विषय नहीं है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही एक विशेष उद्देश्य के साथ संपन्न हुई। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के संकल्प पर केंद्रित इस सत्र के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया और सार्वजनिक माध्यमों से अपनी प्रतिक्रिया साझा की। मुख्यमंत्री ने इस सत्र के सफल आयोजन को देश की आधी आबादी के अधिकारों की जीत बताया। उन्होंने कहा, यह विशेष सत्र केवल चर्चा का माध्यम नहीं था, बल्कि यह महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक निर्णायक कदम था। विशेष सत्र की गरिमा और इसके आयोजन के लिए मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति विशेष आभार प्रकट किया। साय का मानना है कि इस तरह के सत्र लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करते हैं और उन वर्गों को आवाज देते हैं जो अब तक नेतृत्व से दूर थे।



### सम्मान नहीं, सामर्थ्य की आधारशिला

सत्र के समापन के बाद जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री साय ने भावुक होते हुए कहा कि मातृशक्ति उनके लिए केवल सम्मान का विषय नहीं है। उन्होंने लिखा, महिलाएं सृजन, संस्कार और सामर्थ्य की आधारशिला हैं। उनकी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करना हमारे उज्ज्वल भविष्य के लिए अनिवार्य है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र की आर्थिक और सामाजिक योजनाओं के बाद अब छत्तीसगढ़ उनकी राजनीतिक भागीदारी को सशक्त करने के अगले चरण की ओर बढ़ चुका है।

### गौरवशाली क्षण

सत्र के दौरान सदन की दर्शक दीर्घा में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं की मौजूदगी को मुख्यमंत्री ने 'गौरवशाली क्षण' बताया। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व ने सदन के भीतर जिस प्रखरता से अपनी बात रखी, वह नए छत्तीसगढ़ की तस्वीर पेश करता है।विरोधियों को सीधा संदेशमुख्यमंत्री ने अपने बयान में उन आवाजों को भी आड़े हाथों लिया जो इस प्रक्रिया में बाधक बनती रही हैं। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा,नारी शक्ति के सम्मान और अधिकारों के मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करना अब न्यायसंगत नहीं है। यह विषय राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र के समग्र विकास से जुड़ा है।

## खबर संक्षेप



### श्रमिकों के सम्मान के लिए कांग्रेस सदैव समर्पित: बैज


**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस' के अवसर पर राजधानी के शहीद स्मारक परिसर में श्रमिक सम्मान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का गौरवशाली आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज शामिल हुए। उपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास हमेशा श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान का रहा है। मोहम्मद सिद्दीक ने इस प्रकोष्ठ को कांग्रेस के मुख्य मोर्चा संगठनों के समकक्ष ला खड़ा किया है। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की आवाज बुलंद करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू , पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष पंकज शर्मा, संयुक्त महासचिव शारिक रईस खान, प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जीवराखन साहू और रेशम लाल अजय ने भी अपने विचार रखे।

### फाइलेरिया व मलेरिया नियंत्रण में राज्य मॉडल की देशभर में सराहना



**रायपुर।** जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। 30 अप्रैल और 1 मई को चंडीगढ़ में आयोजित "नेशनल समिट ऑन इनोवेशन एंड इनक्लूसिविटी- बेस्टर प्रेक्टिस शेपिंग इंडिया फ्यूचर" में राज्य को फाइलेरिया और मलेरिया उन्मूलन के लिए अपनाई गई नवाचारी पहलों पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल राज्य की स्वास्थ्य रणनीतियों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी आधारित मॉडल की सफलता का भी प्रमाण है। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान बिहान से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया।

### भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने श्रमवीरों का किया सम्मान



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ रायपुर जिले के संयोजक बृजेश अग्रवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर उत्तर विधानसभा के तेलीबांधा मण्डल में मजदूरों के बीच जाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं एवं गमछा, श्रीफल भेंट कर मजदूरों का सम्मान किया। साथ ही उन्हें स्वल्पाहार भी कराया गया और उनकी समस्याएं भी सुनी गईं। इस दौरान नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश के संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर, प्रदेश सह संयोजक विकास अग्रवाल, तेलीबांधा भाजपा मंडल अध्यक्ष शेरगिल बेदी, महामंत्री महेश बघेल, भाजपा जिला सहकार्यालय मंत्री अनूप खेलकर, भाजपा शंकर नगर मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति, महामंत्री सुधीर चौबे, नगर मंडल मंत्री राम तांडी, तेलीबांधा भाजपा पार्षद संतोष साहू, पार्षद महेश ध्रुव, एवं भाजपा के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## पूरी रात छात्र बिजली बाधित होने से हुए परेशान

# आग से यूनिवर्सिटी परिसर और हॉस्टल में मची अफरा-तफरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में गुरुवार देर रात भीषण आग लग गई। आग की लपटें सुबह तक उठती रहीं। आग की लपटें कृषि विश्वविद्यालय से सटे खेत में पड़ी सूखी पत्तियों तथा घास से फैलकर परिसर तक पहुंच गईं। फायर ब्रिगेड की टीम सुबह तक आग पर काबू पाने जूझती रही। दूसरे दिन कृषि विश्वविद्यालय परिसर के कचरे के ढेर में दोबारा आग लगने की घटना हुई। खेतों में लगी आग इतनी तेजी से फैली कि पूरे विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के हॉस्टल क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने पर विश्वविद्यालय और हॉस्टल की बिजली पूरी रात बाधित रही, जिससे छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। इस घटना में 20 लाख से अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है।

■ स्थिति बिगड़ने पर यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने फायर ब्रिगेड को दी सूचना, 20 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान होने का अनुमान

### 20 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान

बताया जा रहा है, आग विश्वविद्यालय परिसर के उस हिस्से में लगी, जहां खेती परीक्षण और कृषि अनुसंधान से जुड़ी फसलें और सामग्री रखी गई थीं। देखते ही देखते आग ने घास फूस और सूखे पत्तों के साथ कई एकड़ क्षेत्र में लगी फसलक को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और धुआं दूर तक दिखाई देने लगा। आग लगने से खेती परीक्षण से जुड़ी फसलों और उपकरणों को भारी नुकसान पहुंचा है। करीब 20 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

### फायर ब्रिगेड को देर से दी गई सूचना

विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के अनुसार, आग लगने के बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से तुरंत दमकल विभाग को सूचना नहीं दी गई। छात्रों ने मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। आग लगने के बाद हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के साथ विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मियों ने अपने स्तर पर आग को काबू पाने का प्रयास किया। आग के बेकाबू होने पर आखिरी में फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इसके बाद सुबह एक बार फिर फायर ब्रिगेड की गाड़ी कृषि विश्वविद्यालय परिसर पहुंची।

# शिशु संस्कार केंद्र का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिशु संस्कार केंद्र उमा विद्यालय के स्थानीय व बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी किए गए। जिसमें कक्षा-5वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में प्रथम मयंक पटेल 97 प्रतिशत, द्वितीय मानव पटेल 96.5, द्वितीय बबली ठाकुर 96.5, तृतीय गावेक्ष साहू 96। कक्षा-8वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में परीक्षा परिणाम 98.38, रहा जिसमें प्रथम अमन नायक 96.4, द्वितीय मिताली सोनवानी 95.8, तृतीय नगीना रानी 95.6, कक्षा-10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में परीक्षा परिणाम 73.38 प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम भार्गवी यादव 89, प्रथम प्रियांशी कुमारी 89, द्वितीय शुभम पटेल 87.8, तृतीय खुशी शर्मा 85.5, कक्षा-12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में परीक्षा परिणाम 83.15 प्रतिशत रहा जिसमें विज्ञान संकाय प्रथम-खुशी स्वाई 92.4, प्रथम- पायल स्वाई 92.4, द्वितीय-पूजा शर्मा 85.5, तृतीय-चिरंजीव बंसोर 83.2, वाणिज्य संकाय प्रथम-राज नामदेव 89.2, द्वितीय-खुशबु साहू 81.6, तृतीय-रागिनी साहू 79, कला संकाय प्रथम-रिया देवांगन 78.2, द्वितीय-रूचि साहू 62.2, तृतीय-मेघा यादव 62 एवं स्थानीय परीक्षाओं में कक्षा नर्सरी में प्रथम-निर्भय सिंह चौहान 100, वंश पटेल 100, मेहुल साहू 100, द्वितीय-खुशांत साहू 99, देवश्री दीवान 99, ट्विंकल साहू 99, तृतीय-लविश साहू 97, विवान बंजारे 97, कक्षा केजी1 में प्रथम-ध्वंश सेन 100, काव्यांश पटेल 100, कु.डिम्पी साहू 100, रूही साहू 100, गगन ध्रुव 100, द्वितीय- कुमारी प्राची भोई 99, तनु प्रिया साहू 99, तृतीय- वेदिका साहू 98, मोनिका यादव 98, हार्दिक कुमार निषाद 98, कक्षा केजी 2 में प्रथम-गरिमा यादव 100, लक्षिका साहू 100, स्वेता यादव 100, वीरा ढीमर 100, हिमांशी यादव 100, मोक्ष विश्वकर्मा 100, द्वितीय-फलक साहू 99, हर्षद साहू 99, शिवम साहू 99, तृतीय- आदिला फातिमा 98, शीतल साहू 98, हर्षित कुमार साहू 98, गुनिता निषाद 98, भाव्यांश निषाद 98, कक्षा पहली में प्रथम- इशिका साहू 100, द्वितीय- आनंदी भोई 98, त्रिशा साहू 98, तृतीय- विहान ढीमर 97, तुलसी कुमारी चौधरी 97, कक्षा दूसरी में प्रथम- कुणाल यादव 99.33, टीमांश चक्रधारी 99.33, द्वितीय- जतिन दीवान 99, तृतीय-केवन्या ढीमर 95.5, कक्षा तीसरी में प्रथम- कंचन साहू 99, द्वितीय- अशफिया वारसी 97, तृतीय- गुमान लोधी 93.5, कक्षा चौथी प्रथम- कुमारी सौम्या सिन्हा 98, द्वितीय- गरिमा यादव 96.4,

तृतीय- कंचन पटेल 96.1, कक्षा 6वी में प्रथम- भूमि साहू 94, संस्कृति नामदेव 94, द्वितीय- कामना पाण्डेय 90, तृतीय-युक्ता पटेल 88, विकास कुमार धीवर 88, कक्षा 7वी प्रथम- साक्षी पाण्डेय 98, द्वितीय- खुशी 97, तृतीय- नम्रता साहू 96, कक्षा 9वीं प्रथम- लक्ष्य देवांगन 97.8, द्वितीय- तनुष्का पटेल 96.8,

तृतीय- दीपिका नायक 94.6, कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय- प्रथम- उपासना यादव 98.2, द्वितीय- साक्षी चंद्राकर 96.6, तृतीय- करूणा जोशी 94.8, तेजस्वी 94.8, वाणिज्य संकाय- प्रथम- भूमिका दीवान 84.6, द्वितीय- आश्मिन खान 82.2, तृतीय- निकिता जोशी 77, कला संकाय- प्रथम- सोनू साहू 68.4, द्वितीय- कामेश सुर्यवंशी 60.2, तृतीय- गोविंद राम साहू 59। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शरद मालू, प्रबंधक मनोहर महांती शाला के प्राचार्य अवनीश वानी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, सहप्रधानाचार्य भावना गांधी व शाला परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### लाफिन खुर्द स्कूल में कक्षा 9वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए

**महासमुंद।** शासकीय हाई स्कूल लाफिनखुर्द में कक्षा 9वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य भारत सिंह साहू ने शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदर लाल साहू, समिति के सदस्यों एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में परिणाम की घोषणा की। इस सत्र में कुल 73 विद्यार्थियों में से 40 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि 12 विद्यार्थियों को पूरक प्राप्त हुआ। कक्षा 9वीं में प्रीति साहू ने 92.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पायल साहू ने 91 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा लीसा साहू 89.5 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा का कुल परीक्षा परिणाम 55.5 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वी में चांदनी साहू ने 92.5 %अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा दूसरे स्थान पर चित्रेखा साहू 90% के साथ दूसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर प्राचार्य भारत सिंह साहू ने विद्यार्थियों एवं पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल अंकों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय बच्चे अपनी रुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने असफल विद्यार्थियों को निराश न होने तथा पुनः प्रयास कर अपने प्रदर्शन में सुधार करने की प्रेरणा दी। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुंदर लाल साहू ने शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों को आगामी कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। नामदेव साहू सहित अन्य सदस्यों ने भी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विनीता अंजलिए दीवान ने किया। अंकसूची का वितरण विनीता अंजलि दीवान एवं ममता ठाकुर (व्याख्याता) द्वारा किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुंदर लाल साहू, नामदेव साहू, भीखम साहू, संतोष कुमार साहू, तेजराम साहू, तोषकुमार साहू, छबिराम साहू, सुरेंद्र कुमार, नंदनी साहू, निर्मला साहू सहित शिक्षकगण-भुवनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर, प्रकाश चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, संदीप तिवारी, नवीन, काजल आदि उपस्थित रहे।

# एकजुटता से अपनी शक्ति साबित कर सकते हैं श्रमिक : डॉ. द्विवेदी

■ श्रमिक महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक

■ मजदूरों की तरक्की से ही देश का विकास-सांसद ज्योत्सना महंत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेड यूनियन काउंसिल छत्तीसगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर 1 मई को राजधानी रायपुर स्थित मेकाहारा मेडिकल कॉलेज रायपुर के सभागार में श्रमिक महासम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए दैनिक हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा, यह पहली बार देखने को मिला कि एक ही छत के नीचे श्रमिक, कर्मचारी, किसान एवं समाजसेवी बैठे हैं। लोग आजकल ऐसे आयोजन के लिए सबसे छोटे हॉल की व्यवस्था करते है, किंतु आयोजक ने सबसे बड़ा हॉल लिया, पर वह भी छोटा पड़ गया। उन्होंने कहा कि यह आप लोगों की सफलता है कि मैं आज श्रमिक साथियों के बीच हूं, इसलिए मैं भी गर्व महसूस करता हूं कि पत्रकार भी श्रमजीवी है। कार्यक्रम में कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत, ट्रेड यूनियन काउंसिल छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष गुलाब कमरो एवं प्रांतीय संयोजक डा. जेपी श्रीवास्तव शामिल हुए।

डॉ. द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि बड़ी आबादी को पहले मशीन के रूप में इस्तेमाल किया जाता था, अब बड़ी आबादी को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि एकजुटता के माध्यम से श्रमिक अपनी शक्ति को साबित कर सकते हैं। जिस व्यक्ति का यकीन परिश्रम में है, आज हर उस व्यक्ति का दिन है।

### 11 श्रमिकों को श्रमश्री, 11 को सृजनश्री सम्मान

कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से प्रदेश स्तर पर 11 श्रमिकों को श्रमश्री, 11 व्यक्तियों को सृजनश्री तथा 8 को संस्था कलाश्री अलंकरण के तहत प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया।

**ये भी रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष अनिल शुक्ला, ओपी शर्मा, गोपाल साहू, करण सिंह अटेरिया, सूरज प्रसाद देवांगन, विद्याभूषण दुबे, रमाकांत झा, जितेंद्र सिंह ठाकुर, सुशील गुप्ता, मधु बघेल, गीता निषाद, संतोष शर्मा, सालिकराम नवरंग को सम्मान स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राकेश गुप्ता, राजेश साहू, संजय अम्बष्ट सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन कन्हैया अग्रवाल ने किया।

### ट्रेड यूनियन का कार्य प्रशंसनीय

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि ट्रेड यूनियन काउंसिल एक गैर राजनीतिक संगठन होकर विगत 46 वर्षों से निरंतर कार्यक्रम आयोजित करते आ रही है। श्रमिकों के हित में ट्रेड यूनियन का कार्य प्रशंसनीय है। ट्रेड यूनियन काउंसिल छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष गुलाब कमरो एवं प्रांतीय संयोजक डॉ. जेपी श्रीवास्तव ने बताया कि विगत 46 वर्षों से ट्रेड यूनियन काउंसिल सरगुजा संभाग के विभिन्न जिला मुख्यालय में 1 मई को श्रमिक महासम्मेलन का आयोजन कर श्रमिकों का सम्मान करता रहा है। पहली बार राजधानी में ट्रेड यूनियन काउंसिल का कार्यक्रम किया गया, जो आशातीत रूप से सफल रहा। कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले श्रमिक एवं अतिथियों का आयोजकों द्वारा पैर पखारकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पहाड़ी कोरवा बड़ी संख्या में अपनी परंपरागत वेशभूषा एवं तीर-कमान के साथ मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से लगभग दो हजार श्रमिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत गुलाब कमरो एवं डॉ. जेपी श्रीवास्तव, भावेश जैन, प्रमोद चौधरी, अनिमेष सिन्हा, आरके खरे, राजेश पांडेय, रूपा अम्बष्ट, शबा परवीन एवं जयंती सिंह ने किया।

# पायलट भी नहीं दे पाएंगे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को उड़ान : संतोष पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ छत्तीसगढ़ की जनता अब झूठ और गुटबाजी के झांसे में नहीं आने वाली

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के रायपुर दौरे और विधायकों की आपात बैठकों को डैमेज कंट्रोल की नाकाम कोशिश करार देते हुए कहा, कांग्रेस का विमान अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिसे कोई भी पायलट अब उड़ान नहीं दे सकता।

श्री पांडेय ने कहा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस में असंतोष की आग इतनी भयंकर है कि दिल्ली से विशेष रूप से सचिन पायलट को आग बुझाने के लिए भेजना पड़ा है। लेकिन जिस पार्टी की बुनियाद ही आपसी अविश्वास पर टिकी हो, वहां बैठकों से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। पांच वर्षों के अपने शासनकाल में कांग्रेस ने जो भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियां अपनाई थीं, आज वही असंतोष बनकर उनके विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच फूट रहा है। जनता ने तो उन्हें नकार ही दिया था, अब उनके अपनों ने ही बगावत का झंडा बुलंद कर दिया है। प्रदेश प्रभारी पायलट द्वारा ली गई विधायकों की बैठक के मद्देनजर श्री पांडेय ने कहा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस अब गुटों में बंट चुकी है। सचिन पायलट यहां एकता का पाठ पढ़ाने आए हैं, लेकिन वे खुद जानते हैं कि राजस्थान से लेकर छत्तीसगढ़ तक कांग्रेस की एकता सिर्फ तस्वीरों तक सीमित है। कांग्रेस चाहे कितनी भी बंद कमरे में बैठकें कर ले, छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता का विश्वास वह खो चुकी है। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार आज सुशासन और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है, जिससे ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस अपनी अंदरूनी लड़ाई को छिपाने का ढोंग कर रही है।

# सुशासन तिहार में पहले ही दिन डेढ़ हजार से ज्यादा आवेदन, 90 फीसदी मांग वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से सबसे ज्यादा, सूरजपुर दूसरे नंबर पर

मजूदर दिवस के दिन से पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार शुरू हो गया। 10 जून तक चलने वाले इस अभियान में प्रदेशभर के लोग अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन और दूसरी शिकायतें शासन-प्रशासन को सौंप सकते हैं। मुख्यमंत्री और मंत्री भी अलग-अलग जिलों में जाकर लोगों से बात करेंगे और उनकी शिकायतें सुनेंगे। शिकायतों के निराकरण के निर्देश भी देंगे।

पिछले वर्ष की तरह पूरे प्रदेश में इस अभियान के तहत लोगों की समस्याओं का एक निश्चित समय सीमा में निराकरण करने की रणनीति तैयार की गई है। शिकायतों और मांगों को संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। पोर्टल पर दर्ज जानकारी के मुताबिक पहले दिन राज्य के 10 जिलों में 15 सौ 66 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 1487 आवेदन मांगों से संबंधित हैं, जबकि शिकायतों की संख्या 40 से भी कम है। आवेदन के मामले में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला सबसे आगे रहा।

यहां 662 लोगों ने अपनी मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन दिए, जबकि सूरजपुर जिले के 346,रायपुर के 221, बलौदाबाजार-भाटापारा के 146 ने भी पहले दिन अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि बालोद के 40, कबीरधाम के 31, महासमुंद के 12 ने भी मांगों और शिकायतों के आवेदन सौंपे।

### प्रधानमंत्री आवास, सड़क भवनों की मांग ज्यादा

सुशासन तिहार में पिछले साल की तरह इस साल भी प्रधानमंत्री आवास की मांग करने वालों की संख्या ज्यादा है। पहले ही दिन प्रधानमंत्री आवास के 444, ग्रामीण विकास के 305, स्वच्छता के 105, सड़क, पुल-पुलिया के 88 से ज्यादा आवेदन दर्ज किए गए हैं। मिले आवेदनों को दर्ज करने का सिलसिला रात तक जारी था।

## अप्रैल की खपत पर मई के बिल में लगेगा साढ़े तीन फीसदी शुल्क

# गर्मी में खपत की आफत, पर मई के बिल में एफपीपीएएस शुल्क में राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं की खपत गर्मी में आफत जैसी है। गर्मी में खपत में भारी इजाफा हो गया है। ऐसे में भारी भरकम बिल आ रहा है। ऐसे समय में एक राहत वाली बात यह है कि इस बार मई के बिल में जो अप्रैल की खपत पर एफपीपीएएस शुल्क लिया जाएगा, वह महज साढ़े तीन फीसदी रहेगा। ऐसे में उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिलेगी। वैसे बीते तीन माह से इस शुल्क में कुछ राहत मिल रही है। आने वाले समय में जरूर बिजली महंगी होने का झटका लगेगा जब नया टैरिफ तय होगा।

नए साल के पहले माह जनवरी में जो दिसंबर का बिल आया था, उसमें 13.64 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया। इसमें जहां 5.43 फीसदी पुराना शुल्क है, वहीं दिसंबर का 8.21 फीसदी शुल्क शामिल है। दिसंबर में एफपीपीएएस शुल्क 16.42 फीसदी तय हुआ था। इसमें से आधा दिसंबर के बिल के साथ लिया गया। इसके बाद बचा आधा 8.21 फीसदी शुल्क जनवरी के बिल में लिया गया। फरवरी में जब जनवरी का बिल आया तो उसमें पुराना 8.21 फीसदी शुल्क और जनवरी का नया शुल्क 4.14 फीसदी भी लिया गया। ऐसे में इस माह भी डबल झटका लगा था। लेकिन मार्च में जब फरवरी का बिल आया तो इसमें एफपीपीएएस शुल्क 5.91 फीसदी लगा। इसके बाद अप्रैल में मार्च का बिल आया तो इसमें एफपीपीएएस शुल्क और कम होकर 4.24 फीसदी लगा। अब मई में जब अप्रैल का बिल आएगा तो इसमें एफपीपीएएस शुल्क साढ़े तीन फीसदी के आसपास रहेगा।

### बीते साल कई माह लगा डबल झटका

बिजली का नया टैरिफ बीते साल जुलाई से लागू होने के कारण वैसे ही बिजली महंगी हो गई थी। ऐसे में जब बीते साल अगस्त के बिल के समय एफपीपीएएस शुल्क तय हुआ तो यह 14.20 प्रतिशत आया। ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसका आधा 7.10 फीसदी ही अगस्त के बिल में वसूली करने का फैसला किया। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आया तो इसमें टैरिफ के साथ ही 7.10 फीसदी के हिसाब से एफपीपीएएस शुल्क लगा। इस माह तो राहत मिल गई लेकिन सितंबर में फिर से एफपीपीएएस तय किया गया तो 9.46 फीसदी आया। ऐसे में इसका 2.46 फीसदी ही सितंबर के बिल के साथ वसूला गया, लेकिन इसी के साथ अगस्त का पुराना सात फीसदी शुल्क भी लिया गया। अक्टूबर में जो सितंबर का बिल आया, उसमें एक तरफ जहां 2.46 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया, वहीं पुराना सात फीसदी शुल्क एडजस्टमेंट कास्ट के रूप में लिया गया। इसके बाद दिसंबर में जो नवंबर का बिल आया इसमें 12 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क का झटका लगा। नवंबर में अक्टूबर का 9.59 फीसदी और नवंबर का 2.41 फीसदी शुल्क दिसंबर के बिल में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### निमिषा साहू ने 93.5 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में किया टॉप

**महासमुंद।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बुंदेली, तेंदूकोना की छात्रा निमिषा साहू ने कक्षा 5वीं की बोर्ड परीक्षा में 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे स्कूल में टॉप किया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र के साथ-साथ विद्यालय, परिवार और बेल्डीही गांव में खुशी का माहौल है। निमिषा साहू की इस उपलब्धि पर माता पद्मिनी साहू और पिता चक्रधर साहू एवं ग्रामवासियों ने भी हर्ष व्यक्त किया है। भविष्य में डाक्टर की पढ़ाई कर निमिषा महिलाओं को रोगमुक्त करने का काम करना चाहती हैं।



### मरार समाज के होनहारों ने लहराया सफलता का परचम

**नर्रा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों मरार पटेल समाज नर्रा राज के विद्यार्थियों ने सफलता दर्ज की है। कक्षा 10 वीं में युवराज पटेल और बीरेंद्र पटेल ने मेरिट सूची स्थान बनाकर समाज को गौरवान्वित किया है। वही कक्षा 12वीं में ज्योति पटेल विज्ञान संकाय में प्रियंका पटेल ने शानदार प्रदर्शन किया है। 10वीं बोर्ड परीक्षा का प्रदर्शन में युवराज पटेल पिता लीलसिंह पटेल ने कुल 600 में से 550 अंक ( 91.66 % ) प्राप्त कर क्षेत्र में द्वितीय स्थान हासिल किया है। बीरेंद्र पटेल ने कुल 600 में से 545 अंक ( 90.83 %) अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस तरह जिज्ञासा पटेल पिता परमेश्वर पटेल ने 86% अंक अर्जित किया।

# सुशासन तिहार का आगाजः बिरकोल में मिले 486 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोल में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों से कुल 486 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त शिकायतों और मांगों पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, सहित जनपद अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दंडधर साव, प्रमोद सागर, जनपद सदस्य उद्धव नंद, किशन पटेल, शरद पटेल, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, सुनील सोनी, घनश्याम पटेल, एसडीएम मनोज कुमार खांडे तहसीलदार श्रीधर पंडा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश कुमार साहू एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सरला कोसरिया ने भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली और पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग को 24 घंटे के भीतर खराब ट्रांसफार्मरों को सुधारने तथा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर रिजर्व में रखने के निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम को इसकी सतत निगरानी करने के लिए कहा गया।



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया गया कि खराब हैंडपंपों की मरम्मत, नल-जल योजना के तहत निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा आवश्यकता पड़ने पर नए बोर खनन कराएं।

वन विभाग को बारिश से पहले पौध तैयार कर व्यापक वृक्षारोपण एवं संरक्षण सुनिश्चित करने, साथ ही बालसी क्षेत्र सहित अन्य पहाड़ी इलाकों को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए गए।

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आगामी शिविरों से पूर्व पंचायतों में मुनादी कर अधिक से अधिक समस्याओं को शिविर तक लाने तथा सभी विभागों की योजनाओं के पंपलेट व ब्रोशर पंचायत भवनों में चस्पा कराने के निर्देश दिए गए।

शिक्षा विभाग को विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था एवं शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने, वहीं आदिम जाति कल्याण विभाग को आश्रम-छात्रावासों में सीट के अनुरूप प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया कि स्कूल खुलते ही विद्यार्थियों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए सरल और सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाई जाए।

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भ संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार सहित विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को किट वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी विभागों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार एवं जनहित में दिशा-निर्देश दिए गए। सुशासन तिहार के इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

## आयोजन : सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण हुआ

# जनपद में दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड की सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर के संयुक्त प्रयास से बागबाहरा जनपद पंचायत के सभागार में 29 अप्रैल 2026 को दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु मूल्यांकन एवं चिन्हांकन शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।



**सीएसआर योजना के तहत आयोजित शिविर में 32 आवेदन प्राप्त, जनप्रतिनिधियों ने नशामुक्ति का दिया संदेश**

शिविर में जनपद पंचायत बागबाहरा के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमएल मंडावी, उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, भूपेन दीवान विकास विस्तार अधिकारी जी.आर. बरिहा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि केशव चंद्राकर, सरपंच सेवाराम साहू एवं मुबारक खान सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। समाज कल्याण विभाग महासमुंद से सुनिता टिर्की, अमित सक्सेना, गौतम यादव तथा समाज शिक्षा संगठक मानसिंह बरिहा ने भी शिविर में अपनी सहभागिता दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि दिव्यांगजनों के कल्याण और उनके जीवन को सुगम बनाने के लिए ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनपद पंचायत भविष्य में भी दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी। साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए उपस्थित नागरिकों को "नशामुक्त भारत अभियान" के तहत शपथ दिलाई और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने भी कहा दिव्यांगजनों का सेवा सच्ची सेवा है और हमारे जनपद क्षेत्र में जितने भी दिव्यांगजन है उनको चिन्हांकित कर उचित उपकरण दिलाया जाएगा

शिविर के दौरान कुल 32 दिव्यांगजनों ने आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से एलिम्को की विशेषज्ञ टीम द्वारा 26 हितग्राहियों का विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरणों-जैसे कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र आदि-के लिए परीक्षण एवं चिन्हांकन किया गया। चयनित हितग्राहियों को आगामी चरण में निःशुल्क उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उनके दैनिक जीवन में सुगमता और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। यह शिविर न केवल दिव्यांगजनों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक सार्थक कदम है, बल्कि समाज में समावेशिता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने का भी एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# फेडरेशन एवं वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने वित्त मंत्री कार्यालय का घेराव किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला के मिनी स्टेडियम में शुक्रवार को दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी फेडरेशन ने एवं छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ ने लंबित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय प्रदर्शन किया। प्रदेश के 33 जिलों से पहुंचे लगभग 5 हजार से ज्यादा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने बीजेपी सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए अपनी मांग रखी।

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक एवं छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार बने 800 दिन से ऊपर हो चुके है, लेकिन दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण और स्थायीकरण अब तक नहीं किया गया है जो की सरकार ले लिएक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है।

पूर्व में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने रायपुर में हड़ताल की थी जहां पर बीजेपी के पदाधिकारियों ने धरनास्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया था और भाजपा की सरकार बनाओ, भाजपा की सरकार बनती है तो दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जायेगा, स्थायीकरण किया जायेगा, उस समय धरना स्थल पर अरूण साव, विजय शर्मा, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, राजीव अग्रवाल, भूपेंद्र सवन्नी सहित तमाम नेता उपस्थित थे। जन घोषणा पत्र में भाजपा की ओर से शासन आने पर 100 दिन के भीतर मोदी की गारंटी के तहत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने के लिए कमेटी गठन कर मार्ग प्रशस्त करेगी। किंतु उक्त कमेटी आज तक अता पता नही है। भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक रायगढ़ विधायक और वित्त मंत्री ने अपने आश्वासन पर पहल नहीं की है। रैली के दौरान पुलिस तैनात, बेरिकेड्स लगाकर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों एवं कर्मियों को रोका।



प्रदेश स्तरीय हड़ताल की जानकारी के बाद कलेक्टोरेट रोड पुलिस छावनी में बदल गया। कर्मचारी वित्तमंत्री कार्यालय व निवास का घेराव करने के लिए निकले थे लेकिन जिला प्रशासन ने बीच में रोक दिया और रूट चेंज करते हुउन्हें कलेक्टोरेट तक ही सीमित रखने के बेरिकेड्स लगा दिए। मिनी स्टेडियम से रैली चक्रधर नगर थाना के सामने से घुमाते हुए अंबेडकर चौक से वापस कलेक्टोरेट पहुंची, जहां ज्ञापन सौंप कर मांगें रखी गईं। रायगढ़ के मिनी स्टेडियम से रैली निकालते दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारी और सदस्यों की जमावड़ा रहा। 56 विभागों में सेवा दे रहे 33 हजार से ज्यादा कर्मी शामिल हुए।

# सेवानिवृत्त होने पर शिक्षिका शोभा सिंहदेव का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेलसोंडा स्कूल की पूर्व प्रभारी प्राचार्य शोभा सिंहदेव का सेवानिवृत्त होने पर सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद विधानसभा के मुख्य आतिथ्य में, संजय शर्मा प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की अध्यक्षता में, सुधीर प्रधान प्रांतीय संयोजक एवं थान सिंह दीवान जिला महामंत्री भाजपा, राहुल चंद्राकर जिला कोषाध्यक्ष भाजपा, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नगर पालिए का महासमुंद के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर श्रीफल अर्पित कर किया गया। जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने शोभा सिंहदेव के शिक्षकीय जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल एक श्रेष्ठ शिक्षक ही नहीं है अपितु शिक्षाकर्मी संघ के एक कर्मठ और जुझारु नेता भी हैं।




कार्यक्रम को थान सिंह दीवान, राहुल चंद्राकर तथा देवीचंद राठी ने भी संबोधित किया। प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान ने कहा कि शोभा सिंहदेव अविभाजित मध्य प्रदेश की शिक्षाकर्मी संघ की प्रथम जिला अध्यक्ष महासमुंद रही हैं। प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा ने पंचायत में किए सेवा की गणना न करने के कारण 2028 तक शून्य पेंशन में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों की व्यथा बताते हुए कहा कि जीवनभर समर्पित नौकरी के बाद बिना पेंशन के जीवन की कल्पना ही रूह को झकझोर देती है।

कार्यक्रम को प्रांतीय सचिव मनोज शनाढ्य, रायपुर संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, प्रांतीय प्रचार मंत्री केशवराम साहू, विकासखंड अध्यक्ष राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू ने संबोधित करते हुए शोभा सिंह देव के शिक्षकीय जीवन एवं नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए शासन से पुरानी सेवा अवधि की गणना कर पुरानी पेंशन का निर्धारण कर इस जीरो पेंशन की स्थिति को शीघ्र दूर करने की बात कही। अंत में शोभा सिंह देव ने छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस सम्मान कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जिला कोषाध्यक्ष विजय प्रधान द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव नंदकुमार साहू ने किया। उक्ताशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।



### सेवानिवृत्ति पर दो शिक्षकों को दी गई विदाई

**महासमुंद।** संकुल स्रोत बृजराज के संकुल प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य एवं सेजेस आदर्श बालक उच्च प्राथमिक शाला के शिक्षक बालकिशन चंद्रकर को सेवाकार्य उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सेजेस आदर्श बालक के प्रभारी प्रिंसिपल डॉ संध्या चंद्राकर ने आचार्य के कार्यकाल की विस्तृत जानकारी देते हुए हमेशा शिक्षा के लिए समर्पित एवं अनुशासन प्रिय बताया तथा संस्था में शिक्षा के स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं, वहीं प्रभारी प्रधान पाठक भगोली राम साहू ने बालकिशन चंद्राकर के कार्यकाल को उत्कृष्ट बताते हुए उनके सेवा कार्यों को याद किया। इस कार्यक्रम में सेजेस के सभी स्टाफ एवं उनके परिवार जन तथा उच्च प्राथमिक शाला खरोरा के प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी, उच्च प्राथमिक शाला बृजराज के प्रभारी प्रधानपाठक नरेश साहू, पूर्व प्रधान पाठक सेजेस मिडिल स्कूल आदर्श बालक चिंतामणि चंद्राकर संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर उपस्थित रहे। संचालन व्याख्याता हेमंत डड़सेना एवं शिक्षिका भारती सोनी द्वारा किया गया।

# पेंशनर संघ की बैठक में कर्मचारियों-संगठनों की एकता पर हुई ई-चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेशनर्स एसोसिएशन द्वारा 01 मई अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अनेक पेंशनर्स सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता रामकुमार साहू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के पूजा के साथ हुआ।

इस अवसर पर प्रमुख वक्ता, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं ट्रेड यूनियन कौंसिल के प्रखर वक्ता प्रमोद तिवारी ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाने के ऐतिहासिक तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए श्रमिक आंदोलन एवं कर्मचारी संगठनों की एकता की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा कर, पेंशनरों से सतत सजग रहने एवं सामाजिक सुरक्षा में भागीदार बनने की अपील की। बैठक में श्रमिक आंदोलनों में शहीद हुए श्रमिकों के बलिदान पर चर्चा कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू ने श्रमिक दिवस के महत्व को बताते हुए कहा कि शिकागो (अमेरिका) में 1886 में हुए श्रमिक आंदोलन जिसमें प्रमुख रूप से, कार्य के घंटों का निर्धारण, उचित सम्मान, वेतन, अवकाश के अधिकार का उल्लेख कर सभी को एकजुट होकर समाज के विकास में योगदान देने का आव्हान किया। बैठक के दौरान संगठन के नये सदस्यों बृजलाल साव वन विभाग, कृपाराम साहू पुलिस विभाग, विपिन बिहारी मोहंती बैंकिग कर्मचारी को श्रीफल भेंटकर, गुलाल लगाकर संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों ने स्वागत किया।



अध्यक्षीय उद्बोधन में रामकुमार साहू ने गत 12 अप्रैल को आयोजित किये गये सम्मेलन पर चर्चा करते हुए किसी प्रकार की असुविधा के लिए संगठन की ओर से खेद प्रकट किया। तदुउपरांत अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्यों तथां पदाधिकारियों द्वारा ऐसे पेंशनरों का सम्मान किया गया जिन्होंने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए निरंतर सहयोग दिया, इनमें चमनलाल साहू, रामकुमार साहू, संतूराम, बोधनलाल, ज्ञानसिंह चंदेल, शिवकुमार, भूषण भोसले, संतोष कुमार साहू, आईएम कुरैशी, टुकेश्वर गजेंद्र आदि सम्मलित थे। बैठक के दौरान उन समर्पित पेंशनरों का विशेष सम्मान किया गया जो बैठक व्यवस्था के कार्य में निरंतर सहयोग प्रदान करते है, जिनमें चोवाराम साहू, शिवनंदन भोसले, राजेंद्र सिंह परिहार, जगन्नाथ, भगत राम साहू, रेवाराम साहू, सुजान यदु, तिलचंद यादव आदि शामिल है।

इसी क्रम में पेंशनर सम्मेलन में सफल नेतृत्व प्रदान कर कुशलतापूर्वक प्रांतीय सम्मेलन संपन्न कराने के लिए ये अध्यक्ष रामकुमार साहू का विशेष अभिनंदन सभी पेंशनरों की ओर से वरिष्ठ पेंशनर आरके श्रीवास्तव एवं संगठन सचिव द्वारा किया गया। अंत में एसोसिएशन के संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने आज की बैठक में स्वयं के व्यय पर शरबत वितरण, मिष्ठान वितरण करने वाले विपिन बिहारी मोहंती, प्रसादी वितरण हेतु विनोद शर्मा का उल्लेख कर उपस्थित सभी पेंशनरों के प्रति आभार व्यक्त कर सभा समाप्ति की घोषणा की।

मई दिवस पर आयोजित बैठक में एलएन.शर्मा, चंद्रबदन मिश्रा, धरमदास मारकंडे, मुरली पटेल, राधेश्याम चंद्राकर यूएस रामगढ़िया, रूपचंद वर्मा, मेघनाथ साहू, सुभाष नंद, एसके साहू, एनके शर्मा, त्रिलोकीनाथ साहू, रामटहल निषाद, उम्मेंद साहू, विनोद शर्मा, कृपाराम साहू, चोवाराम, रामकुमार साहू, टुकेश्वर, गजेंद्र, बोधनलाल साहू आदि अनेक पेंशनरों ने भाग लिया।

# अछोला-जोबा समिति प्रबंधक साहू को दी गई विदाई

**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित अछोला-जोबा में समिति प्रबंधक रेवा राम साहू को सेवानिवृत्त होने पर एक भव्य एवं भावपूर्ण विदाई समारोह में विदाई दी गई। समारोह में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने साहू के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन अत्यंत जिम्मेदारी और समर्पण के साथ किया। उनके नेतृत्व में समिति ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं और किसानों एवं सदस्यों को बेहतर सेवाएं प्रदान की गईं। उनकी कार्यशैली सदैव सरल, सहज और जनहितकारी रही, जिससे वे सभी के प्रिय बने रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सोसायटी अध्यक्ष विश्वनाथ धीवर, तुमगांव शाखा प्रबंधक आरके नेताम, लेखापाल आईपी साहू, कनिष्ठ लिपिक जीवन साहू, कर्मचारी भारत निर्मलकर (तुमगांव), प्रदीप ढीढी, रामकुमार कोसरिया (भोरिंग) उपस्थित रहे। साथ ही कृषि विभाग की ओर से कृषि विस्तार अधिकारी रुपाली बंजारे की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम अछोला के सरपंच संतोष कुमार साहू, अजय साहू (पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष, तुमगांव मंडल), वर्तमान समिति प्रबंधक महेश कुमार पुष्पाकर, आनंद राम साहू (पंच), बेनीराम साहू (सांसद प्रतिनिधि), लखन साहू, केवल रेला, अशोक ठाकुर (जोबा उप सरपंच), मनहरण साहू (जोबा), हुजूर साहू, तोषण साहू, विश्वा साहू, शेखर विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समारोह के दौरान रेवा राम साहू को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई के इस भावुक क्षण में रेवा राम साहू ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान जो स्नेह, सहयोग और सम्मान मिला, वह उनके जीवन की अमूल्य पूंजी है। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।



## खबर संक्षेप



### काजल चंद्राकर ने 90 फीसदी के साथ किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा की काजल चंद्राकर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श विद्यालय महासमुंद ने कक्षा 8 वीं में 90 प्रतिशत अंक हासिल कर गांव का नाम रौशन किया। जिस पर खरोरा के पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, सुमित्रा चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, लेख चंद्राकर, लीना चंद्राकर, पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### तुमगांव में शिवकथा ज्ञान यज्ञ आज से

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान ब्रम्हा कुमारी आस्था दीदी सिवनी मध्यप्रदेश के द्वारा ग्राम तुमगांव के वार्ड नं 14 के डोम शेड भाटापारा में 3 मई से 10 मई तक शाम 5 बजे से रात्रि 8.30 बजे से श्री शिव कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने समस्त ग्रामवासियों से इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

## निधन

### टीआर धीवर



**महासमुंद।** स्थानीय भाजपा कार्यालय के पीछे निवासरत गोकुल विहार कॉलोनी निवासी पूर्व अधीक्षण अभियंता 67 वर्षीय टीआर धीवर का निधन हो गया। वे टीकम धीवर के पिता थे। अंतिम संस्कार स्थानीय भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्व. धीवर पूर्व में विद्युत मंडल कार्यालय महासमुंद में पदस्थ रहे हैं।

# दूधिया रोशन से जगमग हुआ शहर, विधायक-नपाध्यक्ष ने किया स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के विभिन्न सड़कें अब दूधिया रोशनी से जगमगाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के जन्मदिन 1 मई को शहर के विभिन्न मार्गों में स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के साथ किया। नगर के लोहिया चौक से पिटियाझर, गुलशन चौक से अयोध्या नगर, सुभाष नगर मंडी गेट से नया रावण भाठा, पिटियाझर से दलदली रोड नयापारा में स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नपा उपाध्यक्ष एवं सभापतियों व पार्षदों की उपस्थिति में किया। इस दौरान वार्डवासियों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि नगर के विभिन्न मार्गों के साथ ही संवेदनशील इलाकों में रात में अंधेरे की वजह से नगरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब उक्त सभी मार्गों में स्ट्रीट लाइट लगने से स्थानीय निवासियों को आराम से आवागमन करने में सुविधा मिलेगी। पिटियाझर से नयापारा दलदली रोड तक काफी अंधेरा रहता था, जिससे राहगीरों को असुविधा होती थी, लेकिन अब यहां बिजली की दूधिया रोशनी ने न केवल वातावरण को रोशन कर दिया है, बल्कि स्थानीय लोगों की सुरक्षा को भी पुख्ता कर दिया है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने इसे नागरिकों की सुरक्षा व सुविधा के लिए बड़ा कदम बताया है।

### शहरवासियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास-साहू

#### अंधेरे से मिलेगी निजात

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि हमारा प्रयास है कि शहर वासियों को एक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। स्ट्रीट लाइटों का यह कार्य उसी दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। स्ट्रीट लाइट की सौगात मिलने पर स्थानीय निवासियों ने इस कार्य की सराहना की है। नागरिकों कहना है कि पहले अंधेरे में सड़क पर चलना जोखिम भरा होता था, खासकर सुबह वॉकिंग में जाने वालों को परेशानियां होती थी। अब लाइटें लग जाने के बाद लोग बेझिझक मॉर्निंग और इवनिंग वॉक के लिए निकल सकते हैं।



#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति जय देवांगन, गुलशन साहू, ईश्वरी भोई, ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद कल्पना सूर्यवंशी, शुभ्रा मनीष शर्मा, सुनैना पप्पू ठाकुर, भारती राजू चंद्राकर, ओमिन टोमन कागजी, धनेश्वरी सोनवानी, चंद्रशेखर बेलदार, मुस्ताक खान (विक्की), हाफिज कुरैशी, मुन्ना देवार, नीरज चंद्राकर, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, राहुल आवड़े, माखन यादव सहित लोक निर्माण विभाग उप अभियंता हेमंत पिस्दा, विद्युत प्रभारी सीताराम तेलक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे।

## आयोजन : सलडीह में लगा सुशासन तिहार का पहला शिविर

# भाजपा सरकार में सुशासन की व्यवस्था हुई मजबूत: उषा धृतलहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत पिथौरा जनपद के दूरस्थ ग्राम सलडीह में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सीताराम सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य जगमोती भोई, सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, सरपंच संघ के अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, भारती अग्रवाल, कंवलजीत छाबड़ा, मथामणि बढ़ई, विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल, विधायक के निज सहायक नरेंद्र बोरे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, भाजपा सांकरा मंडल अध्यक्ष हलधर साव, सरपंच हेमंत ठाकुर, कमलेश डड़सेना, विजय चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद सुशासन की व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है तथा सरकार का उद्देश्य है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से प्रशासन सीधे गांव तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है, जिससे ग्रामीणों को भटकना नहीं पड़ रहा।

जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के जनसमस्या निवारण शिविर शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाते हुए सत्ता का विकेंद्रीकरण किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को अपने ही क्षेत्र में त्वरित समाधान मिल सके।

जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सीताराम सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन की योजनाएं अब सीधे गांव-गांव तक पहुंच रही हैं और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी है।

सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक भी योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जागरूक रहें, योजनाओं की जानकारी लें और अधिक से अधिक लाभ उठाएं। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।



**प्रमाण पत्र वितरित**

शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा के 5 श्रमिकों को जॉब कार्ड वितरित किए गए। आजीविका मिशन के तहत 5 "लखपति दीदी" को सम्मान पत्र तथा 2 स्व-सहायता समूहों को 4 लाख रुपए का ऋण प्रदान किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा 2 दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 7 गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन किट वितरित किए, वहीं राजस्व विभाग द्वारा स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एसडीएम बजरंग वर्मा, तहसीलदार मनीषा देवांगन, जनपद सीईओ योगेश्वरी बर्मन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सरपंच-सचिव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# एलपीजी का दाम बढ़ाकर चुनावी खर्च वसूल रही मोदी सरकार: विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- चुनाव के बाद जनता पर महंगाई का बोझ डालना मोदी सरकार की पहचान



केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 993 रुपए और 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर में 261 रुपए की बढ़ोत्तरी को पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मोदी सरकार द्वारा जनता को दी गई महंगाई रूपी उपहार बताया है। चंद्राकर ने कहा कि 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भारी भरकम वृद्धि की गई है। सरकार एलपीजी का दाम बढ़ाकर चुनावी खर्च की वसूली करना चाहती है। 1 मई को 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 993 रुपए की बढ़ोतरी की गई। जिससे इसकी कीमत बढ़कर 3, 071.50 रुपए प्रति सिलेंडर हो गई।

चंद्राकर ने कहा कि नागरिकों की को महंगाई से राहत देने के बजाय केंद्र की मोदी सरकार उन पर बढ़ी हुई कीमतों का बोझ डाल रहे हैं। पीएम मोदी देश की अर्थव्यवस्था की रक्षा करने में विफल रहे हैं, और अब नागरिक इसकी कीमत चुका रहे हैं। 3 महीनों में, मोदी सरकार ने कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतें 3 बार बढ़ाई हैं। 1 मार्च 2026 को 114.50 रु. की बढ़ोतरी, 1 अप्रैल 2026 को 195.50 रु. की बढ़ोतरी और अब 1 मई 2026 को रिकॉर्ड 993 रु. की भारी बढ़ोतरी की गई है। जिससे केवल तीन महीने में ही छोटे- रेहड़ी, ठेले, चाट-गुपुचुप सहित होटल, ढाबा व्यवसायियों पर कुल 1303 रु. का अतिरिक्त भार बढ़ गया है। इस बढ़ोतरी का असर न केवल व्यवसायों पर पड़ेगा, बल्कि घरों पर भी पड़ेगा, क्योंकि होटल, रेस्तरां, छोटी खाने की दुकानें और कैटरिंग सेवाओं को कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जिससे रोज़मर्रा का खाना-पीना और भी महंगा हो जाएगा। शहरी कामकाजी वर्ग, दिहाड़ी मज़दूर और छोटे व्यवसायी, किराए पर रहने वाले विद्यार्थी सबसे ज़्यादा प्रभावित होंगे। सब कुछ महंगा हो जाएगा। वहीं, 5 किलो का छोटा सिलेंडर गरीब परिवारों, मजदूरों और छात्रों के लिए बेहद जरूरी होता है। इन दोनों श्रेणियों में कीमतों का बढ़ना सीधे तौर पर उन लोगों को प्रभावित करेगा, जिनकी आय पहले से सीमित है।

## मानसून पूर्व खपरैल की मरम्मत में जुटे ग्रामीण



**अरंड (पिथौरा)।** मानसून आने के पूर्व ग्राम नयापारा कला के ग्रामीण अपने मकान की मरम्मत एवं खपरैल को सुधारने मे जुटे हुए हैं। तेज हवा के चलते कवेलू टूट जाते हैं। इसके चलते बारिश से सुरक्षित रहने खपरैलों की मरम्मत की जा रही है। एक ओर ग्रामीण मजदूर की समस्या से जूझ रहे हैं, वहीं बांस बल्ली महंगा होने से ग्रामीण पुरानी लकड़ी से काम चला रहे हैं। नयापारा कला के गणेशराम दीवान, घनाराम दीवान, दुलेराम दीवान, पूरनलाल दीवान, जलीराम यादव आदि मरम्मत के काम में जुटे हुए हैं।

## विश्व गायत्री परिवार ने व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं उनकी समकालीन चुनौतियों के समाधान के उद्देश्य से एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर गायत्री शक्तिपीठ, महासमुंद में सफलतापूर्वक संपन्न हुए आ। इस शिविर में शासकीय हाई स्कूल लाफिनखुर्द, सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय महासमुंद एवं देव संस्कृति विद्यालय महासमुंद के लगभग 35 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत 'युग निर्माण योजना – एक परिचय', व्यक्तित्व विकास, करियर निर्माण, स्वस्थ जीवनशैली तथा आत्म-सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पावर पॉइंट प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी गईं। इन विषयों पर युवा प्रकोष्ठ प्रमुख नरेश साहू, भारत साहू, मनोज साहू, पूर्णिमा साहू एवं प्रेमलता साहू द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठजनों द्वारा गायत्री माता के पूजन एवं युग संगीत के साथ किया गया। शिविर के समापन अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। बीच बीच में खेल गतिविधियों का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी बच्चे उत्साह पूर्वक भाग लिए ए। हीरालाल साहू, कुबेर प्रकाश गिरी एवं बोधराम साहू ने बच्चों को शुभाशीष प्रदान करते हुए शिविर में आने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक बोधराम साहू, विश्राम साहू, हीरालाल साहू, जगमोहन साहू, परस चौहान, रिखीराम साहू, कुबेर प्रकाश गिरी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में अमर साहू, राधेश्याम चंद्राकर, धनीराम पटेल, कुमारेश श्रीवास्तव एवं सोनू का विशेष सहयोग रहा।

## ट्रेनों के स्टापेज की मांग पूरी नहीं हुई, रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में उठा मुद्दा



**महासमुंद।** रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति (पूर्व तटीय) संबलपुर संभाग की बैठक विगत दिनों 29 अप्रैल 2026 को डीआरएम कार्यालय संबलपुर में संपन्न हुई। बैठक में राईस मिल एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष पारस चोपड़ा एवं युवा साथी लूनकरन जैन ने महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। पारस चोपड़ा ने बैठक में कठोर शब्दों में नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि समिति का कार्यकाल अब समाप्ति की ओर है लेकिन लंबे समय से लंबित मांग पुरी-सूरत-पुरी एवं पुरी-गांधीधाम-पुरी ट्रेन के स्टापेज की मांग आजपर्यंत पूरी नहीं हुई। साथ ही महासमुंद से हावड़ा का सीधे रेल संपर्क नहीं है। ऐसे में हावड़ा-कांटाबांजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस को रायपुर तक बढ़ाने की मांग रखी गई। इसी क्रम में महासमुंद रेलवे के अस्पताल में योग्य चिकित्सक का मसला उठाया गया, रेलवे प्रशासन द्वारा बताया गया कि इंटरव्यू में चयन के बावजूद चिकित्सक कार्यभार ग्रहण नहीं कर रहे हैं, रेल प्रशासन द्वारा सप्ताह में 2 दिन कांटाबांजी से चिकित्सक भेजने की व्यवस्था किए जाने का आश्वासन दिया गया। अमृत भारत स्टेशन की धीमी गति पर भी ध्यानाकर्षित किए जाने पर आश्वस्त किया गया कि इस वर्ष अमृत भारत स्टेशन पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। बैठक में सदस्य लूनकरन जैन द्वारा स्थानीय प्लेटफार्म में पेयजल की 24 घंटे समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता डीआरएम सुभाष चंद्र चौधरी एवं संचालन सीनियर डीसीएम गरिमा तिवारी ने किया।

# गौधाम कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न, सागर इलेवन बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

शहीद भगत सिंह खेल मैदान पिथौरा में मॉर्निंग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित गोविंद कमला गौधाम कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हुआ। फाइनल मैच में सागर इलेवन ने खेमराज इलेवन को पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मैच का शुभारंभ भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने की। इस अवसर पर ब्रह्मानंद पटेल, पुरुषोत्तम घृतलहरे, विजय नायक, ईशांत शर्मा, राजा अग्रवाल, विकास बघेल एवं पवन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

टिकरिया ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारें खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया मिशन जैसे विभिन्न कार्यक्रम चला रही हैं, जिससे युवा प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिल रहा है। अध्यक्षता कर रहे स्वप्निल तिवारी ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पिथौरा को प्रदेश स्तर पर नई पहचान दिला रहे हैं।

ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेलों का विशेष महत्व है, जबकि पुरुषोत्तम घृतलहरे ने ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को मंच देने में ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। टूर्नामेंट के आयोजक एवं जिला युवा मोर्चा के खेल एवं युवा प्रमुख सौरभ अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र के खिलाड़ियों को निखार कर उन्हें बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए ए तैयार करना है। कार्यक्रम के दौरान श्रेयांश श्रीवास्तव, तुसार बंसल, अंशु सिन्हा, भोजराज डड़सेना, दिनेश खालसा, सैलू कोसरिया, दिनेश सिन्हा, तुषार राजपूत, अविनाश पटेल, राहुल यादव, शुभम तिवारी, डिगेश पटेल, मुक्कू सेन, राजगोपालन रौतिया, रामेश्वर ध्रुव, समीर मिरी एवं अनिल सेन सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।




## शिवम सोनी 12 वीं में 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में मेरिट सूची में शामिल

# बोर्ड परीक्षाओं में शिशु मंदिर तेंदूकोना का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा का रिजल्ट 29 अप्रैल को घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। हायर सेकेंडरी में शिवम सोनी ने 95. 6 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया राज्य स्तर पर टॉप टेन में स्थान बनाने में वे मात्र चार अंकों से पीछे रह गए। उनके इस प्रदर्शन से पूरे अंचल गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। साथ ही राजश्री मिश्रा 91.4% के साथ द्वितीय स्थान, यामिनी यादव 88.6% के साथ विद्यालय में तृतीय, ईसी प्रकार हाई स्कूल परीक्षा में रोशनी ठाकुर 88.84% प्रथम स्थान, ईशा साहू 86% द्वितीय स्थान, आंचल पैंकरा 85.67% ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



जिला केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा पांचवी आठवीं का कक्षा रिजल्ट 30.4.26 को घोषित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम नारायण साहू थे अध्यक्षता विनोद दीवान ने किया व विशेष अतिथि के रूप में सीआर यादव, बलराम दीक्षित, चिंता राम साहू सहित बच्चों के पालक उपस्थित थे। कक्षा आठवीं में प्रियांशु साहू 97.6% प्रथम स्थान, तनुज बरिहा 96.6% द्वितीय स्थान, दुर्गेश कुमार पटेल 95.5% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किये, कक्षा पांचवी में पीयूष निर्मलकर 96.2% प्रथम स्थान, ओजस्वी साहू 94.6% द्वितीय स्थान, राघव सोनी 93.4% तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही कक्षा अरुण से कक्षा एकादश का भी परीक्षा घोषित हुआ जिसमें सभी कक्षाओं में छात्राओं का प्रदर्शन अच्छा रहा। विद्यालय के प्राचार्य दसरी साहू सहित समस्त आचार्य स्टाफ एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष सहित समिति के सदस्यों ने बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिहर्ष व्यक्त किया।



प्राचार्य दसरी साहू द्वारा छात्राओं को आने वाले समय में और कड़ी मेहनत करने की बात कही, पालक समिति अध्यक्ष ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए पढ़ाई में और भी ज्यादा ध्यान देने की बात कही। शिवम सोनी को 12वीं में 95.6% प्राप्त करने पर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष बलराम दीक्षित ने 1100 रु., पालक समिति अध्यक्ष विनोद दीवान 1000 रु. प्रदान कर सम्मानित किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
11 मई,25 मई, 06 जून, 15 जून, 05 सितम्बर,
10 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411